# कृषि प्राद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण, "ATMA", गढ़वा

## आदेश

कृषि प्राद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण, "ATMA", गढ़वा अंतर्गत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM), सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) एवं लेखापाल–सह–लिपिक के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20.12.2025 तक प्राप्त कुल आवेदनों की कम्प्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत तैयार सूची को ज्ञापांक– 627, दिनांक– 08.06.2026 के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिले एवं आत्मा के वेबसाईट पर अपलोड किया गया।

दावा/आपत्ति निराकरण के उपरांत पदवार आवेदनों की योग्य उम्मीदवारों की सूची, अयोग्य उम्मीदवारों की सूची को गढ़वा जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in एवं आत्मा, गढ़वा के वेबसाईट www.atmagarhwa.org.in पर जारी कर दिया गया है। सभी पदों हेतु योग्य उम्मीदवारों की कंप्यूटर ज्ञान परीक्षा दिनांक– 27.07.2026 को पूर्वाह्न 9:00 बजे से नये समाहणालय में अवस्थित सूचना एवं विज्ञान केन्द्र, उपरी तल, गढ़वा में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के उपरांत दिनांक 27.07.2026 को अभ्यर्थियों के कंप्यूटर ज्ञान की परीक्षा का परीक्षाफल जारी कर दिया जाएगा। पदवार योग्य उम्मीद्वारों की सूची के सभी अभ्यर्थी दिनांक 24.07.2026 से अपना प्रवेश–पत्र गढ़वा जिले के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकेंगे।

21.07.26

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, गढ़वा।

ज्ञापांक 815 / कृषि, दिनांक 21.07.26

प्रतिलिपिः– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, गढ़वा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि गढ़वा जिले के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर सूचना सहित वर्णित सूची अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे ।

प्रतिलिपिः– जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, गढ़वा को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों के आगामी अंक में प्रकाशित कराने की कार्रवाई की जाय।

21.07.26

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, गढ़वा।